




# आनंद भास्कर

PRGI No: TNMUL/25/A1387 www.anandabhaskar.com नया मोड़ नयी खबर

वर्ष-02 अंक-189 02.11.2026 FREE EPAPER


संक्षिप्त समाचार

## बांग्लादेश में भारत के ट्रांजिट कॉरिडोर का विरोध

● विपक्षी नेता बोले-देश की जमीन भारत को नहीं देंगे

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में भारत के ट्रांजिट कॉरिडोर का विरोध हो रहा है। विपक्षी नेता नाहिद इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में एक रैली के दौरान आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार बांग्लादेश में भारत को ट्रांजिट कॉरिडोर देने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की जमीन भारत को नहीं दी जाएगी। ट्रांजिट कॉरिडोर का मतलब एक देश की जमीन और




सड़क का इस्तेमाल करके दूसरे देश के किसी हिस्से तक सामान पहुंचाना है। इससे दूरी और सामान पहुंचाने में लगने वाला समय कम हो सकता है। नाहिद ने गंगा जल समझौते को लेकर भी सरकार से सख्त रुख अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर समझौते को नए सिरे से करते समय बांग्लादेश के हितों का ध्यान नहीं रखा गया, तो लोग इसके विरोध में सड़कों पर उतरेंगे। नेशनल सिटिजन पार्टी के नेता नाहिद इस्लाम की अगुआई में तारिक रहमान सरकार के खिलाफ ढाका में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन भी हुआ। प्रदर्शनकारी बढ़ती महंगाई, बिजली संकट और पेट्रोल-डीजल व गैस की कमी से नाराज थे।

## इजराइल के आम चुनाव की होगी जांच

● खुफिया एजेंसी मोसाद को मिला जांच का जिम्मा

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद इस हफ्ते हुए चुनाव में विदेशी दखल के आरोपों की जांच करेगी। न्यूज चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक, इस जांच में आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट भी शामिल होगी। आरोप है कि कतर और कुछ दूसरे देशों ने मंगलवार को हुए चुनाव में अरब वोटर्स को पैसे देकर ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने की कोशिश की। इस चुनाव में अरब



पार्टियों को कुल 19 सीटें मिली हैं। यह इतिहास में उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पार्टी के नेताओं ने भी अरब पार्टियों पर चुनाव में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। इजराइल के केंद्रीय चुनाव आयोग ने साफ किया है कि जांच का दायरा सीमित है। आयोग के मुताबिक, इस मामले से चुनाव के नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ा है और न ही नतीजों पर सवाल उठता है। इजराइल में नेतन्याहू विरोधी दल सरकार बनाने का रास्ता निकालने के लिए प्रधानमंत्री का सीधा चुनाव कराने के प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं। इस व्यवस्था के तहत जनता अलग से प्रधानमंत्री चुनेगी।

# सीईसी को हटाएं और एसआईआर पर तत्काल रोक लगाएं

● खरगे के आवास 'मॉक संसद', सीईसी पर लगाए 6 आरोप ● कहा-संसद की अनुमति के बिना फॉर्म-6 बदला, वोटर हटाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में अनियमितताओं और चुनाव आयोग के आंतरिक फैसलों को लेकर उठे विवाद के बीच इंडी गठबंधन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आज यानी शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एक प्रतीकात्मक जन महाभियोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने किया। इंडी गठबंधन की यह बैठक रामलीला मैदान में विपक्ष की प्रस्तावित दिल्ली चलो रैली से ठीक एक दिन पहले उठाया गया है, जहां विपक्षी दल सीईसी के इस्तीफे की मांग को पुरजोर तरीके से उठाने की तैयारी में है। दरअसल, इंडी गठबंधन ने कांग्रेस अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर मॉक संसद बुलाई है। यह मॉक संसद रामलीला मैदान में विपक्ष की प्रस्तावित दिल्ली चलो रैली से ठीक एक दिन पहले उठाया गया है, जहां विपक्षी दल सीईसी के इस्तीफे की मांग को पुरजोर तरीके से उठाने की तैयारी में थे।

### हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा...

मीरा कुमार ने कहा, हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका समेत दुनिया भर के देश हमारी ओर देखते हैं और हमारे लोकतांत्रिक मॉडल का अनुसरण करते हैं। हमारा लोकतंत्र चुनावों की शक्ति से चलता है, और इस चुनावी शक्ति के केंद्र में मतदाता की आत्मा बसती है। पूरी चुनावी प्रक्रिया में मतदाता ही केंद्र-बिंदु होता है। यदि किसी एक मतदाता को भी वोट डालने के अधिकार से वंचित किया जाता है, तो यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है। किसी को वोट डालने से रोकना हमारे लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाता है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, सीईसी ने रातों-रात एसआईआर की घोषणा कर दी। इसे पूरे देश में लागू किया गया, जिसका असल मकसद बीजेपी के विरोधियों के वोट हटाना था। मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बाहरी लोगों और घुसपैठियों का बहाना ले रही है। उनका आरोप है कि हम घुसपैठियों को शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं है, हम तो बस असली और वैध मतदाताओं के नाम बने रहने की वकालत कर रहे हैं। हम ऐसा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कर रहे हैं। हमारी मांग है सीईसी को तत्काल पद से हटाकर 2023 का कानून रद्द हो। एसआईआर को रोका जाए। संविधान बनाने वालों ने वोट का अधिकार सबको दिया है। हर नागरिक को बराबरी का दर्जा दिया। खड़गे ने आगे कहा कहा, उदाहरण के लिए अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम या फ्रांस को ही लें। इनमें से कई देशों में, लोकतंत्र की स्थापना के तुरंत बाद महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं दिया गया।

# हरियाणा और आंध्र की स्कूलों में 'खूनी' खेल

### दिल दहलाने वाली वारदातें, बच्चों ने दिखाया हिसक रूप

**पंचकूला में केजी की बच्ची के सिर पर 12 बार ईंट मारी**

**पंचकूला (एजेंसी)।** हरियाणा के पंचकूला के एक प्रसिद्ध स्कूल में चल की छात्रा पर तीसरी कक्षा के छात्र ने बेरहमी से हमला कर दिया। छात्र ने बच्ची का सिर पहले बेंच पर मारा, फिर 19 बार पैर से उसके चेहरे पर लात-घूसों से वार किया। उसके बाल पकड़कर घसीटा। बाद में ईंट से 12 बार बच्ची के सिर पर हमला किया। 96 सेकेंड तक लगातार बच्ची को बेरहमी से पीटे जाने की घटना क्लास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मारपीट के दृश्य बेहद विचलित करने वाले हैं, इसलिए हम इसका वीडियो नहीं दिखा रहे हैं। फुटेज देखकर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी कहा इसे पूरा देखना भी मुश्किल है।




ऊंहोंने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित करने को कहा है। घटना की जानकारी उस वक्त सामने आई जब ऑटो ड्राइवर बच्ची को लेने स्कूल पहुंचा, लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद परिजन तुरंत स्कूल पहुंचे और उसकी तलाश शुरू की। बच्ची के चाचा के मुताबिक, हमला करने वाले बच्चे ने ही उन्हें बताया कि बच्ची कहां पर गिरी पड़ी है।

## आंध्र में 10वीं की छात्राओं पर काटने वाली आरी से हमला

● क्लास में टीचर मौजूद था आरोपी पीड़ित छात्रा का रिश्तेदार

**अनंतपुर (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में शनिवार को स्कूल की क्लास के अंदर 10वीं की छात्रा पर पावर चेनसॉ (बिजली से चलने वाली आरी) से हमला किया गया। यह वारदात सुबह 10 बजे की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में छात्रा का दायां हाथ कट गया और चेहरे, गर्दन और कान पर गंभीर चोटें आईं। उसे बचाने पहुंची दूसरी छात्रा भी घायल हो गई। एक छात्रा की हालत सीरियस है। हमले की वजह अभी सामने नहीं आई है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। आरोपी पीड़ित का रिश्तेदार है। गार्ड ने मजदूर समझकर स्कूल में एंट्री दी थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्लास में पढ़ाई चल रही थी।

## होर्मुज में हमले का नया तरीका, जहाज पर चिपकाया बम

● धमाके से इंजन रूम जला, 27 भारतीय मौजूद थे, सभी सुरक्षित

**ओमान (एजेंसी)।** होर्मुज में गुरुवार को 27 भारतीय क्रू सदस्यों वाले तेल टैंकर लुईस 1 पर हमला हुआ। पनामा के झंडे वाले इस टैंकर के पास एक छोटी



नाव पहुंची थी। नाव से आए लोगों ने जहाज के बाहरी हिस्से (हुल) पर दो लिम्पेट माइंस चिपका दीं और वहां से चले गए। कुछ देर बाद दोनों विस्फोटकों में धमाका हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई। इसकी वजह से जहाज का इंजन कुछ समय के लिए बंद हो गया। हालांकि, क्रू ने आग पर काबू पा लिया और जहाज को सुरक्षित कर लिया।

## आशुतोष दीक्षित ने संभाला 'वायु सेना प्रमुख' का कार्यभार

### तीन प्रमुख सैन्य ऑपरेशनों में दिखा चुके हैं अपनी ताकत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने 31 अक्टूबर 2026 को 29वें वायु सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का स्थान लिया है, जो देश की 42 वर्षों की शानदार सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। आशुतोष दीक्षित का पिछले 40 वर्षों में दमदार करियर रहा है। तीन प्रमुख सैन्य अभियानों में दमदार भूमिका निभाने के साथ आशुतोष दीक्षित को अलग-अलग तरह के विमानों को उड़ाने का 3300 घंटे से




अधिक का अनुभव है। वह वायु सेना के अधिकारियों के बीच समन्वय बनाने के लिए जाने जाते हैं।

### तीन प्रमुख सैन्य अभियानों में निभा चुके अपनी भूमिका

कारगिल युद्ध के दौरान वायुसेना के ऑपरेशन सफेद सागर में अहम भूमिका निभा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन रक्षक में अहम भूमिका निभा चुके हैं। पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई थी। एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने पिछले चार दशकों के अपने करियर के दौरान, एयर पीफ को ऑपरेशंस (संचालन), प्लाइट टेस्टिंग, क्षमता विकास और जॉइंट स्टाफ असाइनमेंट जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ है। एक कुशल फाइटर पायलट, क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट के रूप में, उनके पास मिराज-2000, मिग के विभिन्न संस्करणों, जगुआर और कई ट्रांसपोर्ट विमानों सहित विभिन्न प्रकार के विमानों को उड़ाने का 3,300 घंटे से अधिक का अनुभव है।

## राहुल गांधी के दौरे से पहले 'पंजाब' पर हुआ मंथन

● दिल्ली में कांग्रेस की हाई-लेवल मीटिंग, दिग्गज नेता जुटे!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सत्ता के गलियारों में सियासी गर्मी बढ़ती जा रही है। जहां एक तरफ बीजेपी और कांग्रेस पंजाब में सत्ता में बैठी आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं सूबे के सीएम भगवंत मान जोरदार पलटवार करते नजर आ रहे हैं। इस बीच कांग्रेस ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दौरे से पहले हाई लेवल मीटिंग की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मीटिंग की फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि पंजाब एक निर्णायक बदलाव और एक नई, परिवर्तनकारी शुरुआत के लिए तरस रहा है।

# यूपी में बुलेट ट्रेन चलेगी, 3.30 घंटे में दिल्ली पहुंचेगी

### काशी में रेलमंत्री का ऐलान, पीएम ने दी कॉरिडोर को मंजूरी

**वाराणसी (एजेंसी)।** यूपी में बुलेट ट्रेन का प्रोजेक्ट भी जल्द शुरू होगा। दिल्ली-वाराणसी-गुवाहाटी बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को मंजूरी मिल गई है। यह बात रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को वाराणसी में बताई। रेलमंत्री ने बताया कि पीएम मोदी ने इसके नॉर्दर्न कॉरिडोर को मंजूरी दी है। यह ट्रेन दिल्ली से चलकर आगरा, कानपुर, लखनऊ और अयोध्या होते हुए वाराणसी पहुंचेगी। इसके बाद पटना होते हुए गुवाहाटी तक जाएगी। कॉरिडोर के बनने के बाद दिल्ली से आगरा का सफर 59 मिनट, कानपुर का 1 घंटे




45 मिनट और लखनऊ का 2 घंटे 12 मिनट में पूरा होगा। दिल्ली से वाराणसी का सफर 3 घंटे 33 मिनट में पूरा होगा। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव वाराणसी में देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने पहुंचे हैं। इसी दौरान उन्होंने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के बारे में बताया।

### सिग्नेचर ब्रिज को 'नमो ब्रिज' नाम से संबोधित किया

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार को विकास कार्यों का जायजा लेने वाराणसी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने काशी रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित करने के काम का निरीक्षण किया। साथ ही गंगा नदी पर बन रहे सिग्नेचर ब्रिज के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। रेल मंत्री ने इस ब्रिज को 'नमो ब्रिज' नाम से संबोधित किया। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के उद्घाटन से पहले रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने सिग्नेचर ब्रिज कंस्ट्रक्शन साइट का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बनारस से दिल्ली को जोड़ने के लिए आज वंदे भारत स्लीपर बहुत ही मेहनत के साथ, बहुत ही ध्यान रख के बनाई गई ट्रेन है।

## सीएम उमर अब्दुल्ला ने की निधि राजदान से शादी

● उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीरें



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पत्रकार निधि राजदान को जीवनसाथी चुना है। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर तीन तस्वीरें साझा करके अपने रिश्ते का ऐलान कर दिया है। उमर अब्दुल्ला का पहली पत्नी पायल नाथ से तलाक हो चुका है। जुलाई, 2026 को उमर अब्दुल्ला और पायल नाथ के तलाक पर मुहर लगी थी। उमर अब्दुल्ला ने आज दिल्ली में रिसेप्शन रखा है।

# 95 साल बाद जनगणना में पूछी जाएगी आपकी जाति

● यूपी और पंजाब समेत 5 चुनावी राज्यों में फिलहाल नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में जनगणना का दूसरा फेज 25 जनवरी 2027 से शुरू होगा, जो 28 फरवरी तक चलेगा। इस बार 40 सवाल पूछे जाएंगे। जनगणना का घरों की गिनती का पहला फेज जून 2026 में पूरा हो चुका है। बड़ी बात ये कि 95 साल बाद यानी 1931 के बाद पहली बार देश में जाति की गिनती हो रही है। 5 राज्यों मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड को छोड़कर पूरे देश में जनगणना होगी। इन राज्यों में 2027 की शुरुआत में विधानसभा




चुनाव हो सकते हैं। बर्फबारी वाले क्षेत्रों- लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भी जनगणना नहीं होगी। सरकार की अधिसूचना के मुताबिक 10 से 24 जनवरी 2027 तक आप खुद पोर्टल पर डेटा भर सकते हैं। ये भारत की पहली डिजिटल जनगणना है। रेफरेंस डेट 1 मार्च 2027 को रात 12 बजे होगी।

### इन राज्यों में जनवरी-फरवरी में जनगणना नहीं

मणिपुर में जातीय हिंसा की वजह से हालात अभी सामान्य नहीं है। इसलिए मणिपुर की जनगणना अनिश्चितकाल के लिए टाल दी गई है। गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और मणिपुर में 2027 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं, इसलिए स्टाफ चुनाव में लगेगा। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के बर्फ वाले इलाके जैसे लाहौल-स्पीति, किन्नौर के ऊंचे इलाके। यहां बर्फबारी के चलते रास्ते बंद हो जाते हैं। यहां सितंबर-अक्टूबर में हो सकती है। गृह मंत्रालय के तहत यह जनगणना हो रही है।

### जनगणना के लिए 11,718 करोड़ का बजट मंजूर

केंद्र सरकार ने जनगणना 2027 के लिए 11,718.24 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी है। जनगणना पूरे देश में केंद्र के समन्वय से होगी। राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारें इसके क्रियान्वयन में मदद करेंगी। जनगणना 2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। डेटा डिजिटल माध्यम से दर्ज किया जाएगा और लोगों को खुद अपनी जानकारी देने यानी सेल्फ-एन्यूमरेशन का विकल्प भी मिलेगा। जनगणना की कानूनी प्रक्रिया सेंसस एक्ट, 1948 और सेंसस रूल्स, 1990 के तहत होगी। केंद्र के मुताबिक, लोगों की दी गई व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# जम्मू और कश्मीर में उमर के खिलाफ 24 विधायक लामबंद

### 4 दिन पहले बने चार मंत्रियों, सीएम के सलाहकार को हटाने की मांग



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद असंतोष के संकेत मिले हैं। पार्टी के 24 विधायक मुख्यमंत्री के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। 18 विधायकों ने शुक्रवार को श्रीनगर में लोलाब विधायक कैसर जमशेद लोन के घर बैठक की।

### विधायकों का 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बनाने का फैसला

बैठक में विधायकों ने 4 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल बनाने का फैसला किया। इसकी अगुआई पार्टी के सीनियर लीडर और सुरेंज विधायक नजीर अहमद गुरेजी तथा थानामंडी विधायक मुजफ्फर इकबाल खान करेंगे। प्रतिनिधिमंडल पार्टी अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मिलकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौपेगा।